Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to fill up vacant posts in Police Force reserved for Scheduled Castes in various states.

डॉ.(प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम): स्पीकर सर, मैं राज्यों की पुलिस फोर्स में, खास कर अफसर कैडर में अनुसूचित जाति का जो बैकलॉग है, उसके बारे में आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । पूरे देश के अलग-अलग राज्यों में बहुत भारी संख्या में पुलिस फोर्स के अफसर कैडर में, अनुसूचित जाति के लोगों का जो आरक्षण होना चाहिए, उसमें कमी है और बहुत भारी बैकलॉग है । 'इंडिया जस्टिस' रिपोर्ट, 2019 के मुताबिक सारे राज्यों में यह स्थित है, परंतु मैं गुजरात और केरल राज्यों को बधाई देना चाहता हूँ कि वहां ऐसे रिक्त स्थान बहुत कम हैं ।

मैं आपके माध्यम से सदन में विनती करना चाहता हूँ कि अलग-अलग राज्यों में स्पेशल ड्राइव कर के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की जो रिक्तियां बैकलॉग में पड़ी हैं, उनको भरा जाए । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष: श्री कुलदीप राय शर्मा को डॉ. किरिट पी. सोलंकी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।